# निवेश बढ़ाने के लिए इन्वेस्ट यूपी की समीक्षा बैठक कल

**राज्य ब्यूरो, जागरण● लखनऊ:** वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रदेश में औद्योगिक निवेश का लक्ष्य पूरा न कर पाने के बाद इन्वेस्ट यूपी ने चालू वित्तीय वर्ष के लिए लक्ष्य निर्धारण का कार्य तेज कर दिया है। बीते वित्तीय वर्ष में जीबीसी-4 में 10 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा के निवेश का लक्ष्य रखा गया था, जिसके सापेक्ष 2.77 लाख करोड़ रुपये का ही निवेश आ सका है। नतीजतन चालू वित्तीय वर्ष में निवेश के वार्षिक लक्ष्य को लेकर इन्वेस्ट यूपी की समीक्षा बैठक सोमवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में होगी।

औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी की अध्यक्षता में आयोजित होने वाली इस बैठक में चालू वित्तीय वर्ष को लेकर इन्वेस्ट यूपी का लक्ष्य निर्धारित किया जाएगा। समीक्षा बैठक में 'मुख्यमंत्री उद्यमी मित्र पुस्तिका' का विमोचन भी किया जाएगा। साथ ही प्रदेश के 118 उद्यमी मित्रों से निवेश मित्र पोर्टल के माध्यम से व्यापार में सुगमता से संबंधित प्रक्रियाओं को और सरल कर औद्योगिक विकास संबंधी सुझाव लिए जाएंगे। बैठक में मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह समेत अन्य अफसर प्रदेश में निवेश को बढ़ाने को लेकर अपनी राय देंगे।